# MAR IVANIOS COLLEGE (AUTONOMOUS)
# THIRUVANANTHAPURAM

**Reg. No. :…………………** **Name :…………………**

**First Semester B.Com. Degree Examination, November 2015**
**First Degree Programme under CBCSS**
**Additional Language: Hindi – I**
**AUHN111.3: Prose, Commercial Hindi and Letter Writing**
( *for 2015 Admissions Only* )

Time: **3** Hours Max. Marks: **80**

## SECTION – A

***एक-एक*** *शब्द या वाक्यों में उत्तर लिखिए।*

1. माधव प्रेमचन्द की किस कहानी का पात्र है ?
2. महादेवी वर्मा का गिल्लू किस रेखाचित्र संग्रह से लिया गया है ?
3. देवव्रत कैसे भीष्म बन गये ?
4. रघुवीर सिंह के अनुसार मनुष्य के सारे प्रयत्नों का एकमात्र उद्देश्य क्या है ?
5. इन्सपेक्टर मातादीन ने चाँद के पुलिस थाने में हनुमान का चित्र स्थापित करने का आदेश क्यों दिया ?
6. 'साल भर जिसके साथ सुख – चैन से रहा उसीके साथ इतनी बेवफाई,' – संदर्भ क्या है ?
7. मूलपत्र के साथ भेजे जानेवाले अन्य आवश्यक पत्रों को क्या कहते हैं ?
8. वैयक्तिक पत्र केलिए प्रयुक्त किसी एक स्वनिर्देश लिखिए ।
9. वैयक्तिक पत्र से व्यावसायिक पत्र क्यों भिन्न होता है ?
10. एकदिन गुरुदेव ने हज़ारी प्रसाद दिववेदी से कौन सा प्रश्न पूछा ?

**(10 × 1 = 10 Marks)**

P.T.O.

## SECTION – B

*किन्हीं **आठ** प्रश्नों क लघु उत्तर (करीब 50 शब्दों में) लिखिए।*

11. महादेवी वर्मा लिखते समय ध्यान आकृष्ट करने केलिए गिल्लू क्या करता है ?
12. भीष्म के चरित्र की विशेषताएँ क्या – क्या हैं ?
13. घीसू ने ठाकुर की बारात का वर्णन कैसे किया ?
14. मुमताज के वियोग पर बहाए शाहजहाँ के आँसू कैसे चिरस्थायी हो गए ?
15. मातादीन को क्यों चाँद भेजा गया ? तनखा घटने से चाँद के पुलिसवालों में कौन – सा परिवर्तन आ गया ?
16. पत्र के प्रमुख अंगों का परिचय दीजिए ।
17. सामाजिक जीवन में पत्र व्यवहार का महत्व क्या है ?
18. वैयक्तिक पत्र एवं व्यावसायिक पत्र के किन्हीं तीन भेद लिखिए ।
19. आवेदन पत्र क्या है ? उसकी विशेषताएँ लिखिए ।
20. स्वनिर्देश क्या है ? औपचारिक स्वनिर्देशों का उदाहरण लिखिए ।
21. संपादक के नाम पर पत्र लिखने के उद्देश्य क्या – क्या हैं ?
22. ‘गिल्लू’ के आधार पर रेखाचित्र विधा की सामान्य विशेषताएँ लिखिए ।

**(8 × 2 = 16 Marks)**

## SECTION – C

*किन्हीं **छः** प्रश्नों क उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।*

23. भीष्म को क्यों अवतार नहीं माना गया है और कृष्ण को अवतार क्यों माना गया ?
24. गिल्लू कौन था ? गिल्लू के साथ लेखिका के आत्मसंबन्ध का परिचय दीजिए ।
25. तीन दिन की छुट्टी की प्रार्थना करते हुए विभागाध्यक्ष के नाम आवेदन पत्र लिखिए ।
26. बम्बई के किसी पुस्तक विक्रेता के नाम आदेशानुसार पुस्तक न मिलने के हेतु शिकायती – पत्र तैयार कीजिए ।

27. जन्मदिन मनाने के अवसर पर अपने प्रिय मित्र को आमंत्रितत करते हुए एक निमंत्रण–पत्र तैयार कीजिए ।

28. अहमदाबाद के किसी कपडे मिल के संचालक के नाम अपनी दूकान के लिए कुछ फाशन कपडों का आदेश दीजिए ।

29. प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु किसी विद्यालय के मैनेजर के नाम एक आवेदन पत्र तैयार कीजिए ।

30. ताजमहल 'ट्रजिक सौंदर्य' का एक जीता – जागता नमूना है । पठित पाठ के आधार पर ताजमहल का ऐतिहासिक महत्व समझाइए ।

31. 'इन्सपेक्टर मातादीन चाँद पर' नामक व्यंग्य – रचना में पुलिस महकमों में व्याप्त भ्रष्टाचार का कैसा चित्र खींचा गया है ?

**(6 × 4 = 24 Marks)**

## SECTION – D

*किन्हीं **दो** प्रश्नों क उत्तर करीब 250 शब्दों में लिखिए।*

32. 'कफन' कहानी का सारांश लिखकर प्रेमचन्द की कहानी – कला पर लघु निबन्ध तैयार कीजिए ।

33. पठित पाठ के आधार पर हरिशंकर परसाई की व्यंग्य कुशलता पर लेख लिखिए ।

34. पत्र के प्रकारों का विवेचन करते हुए व्यावसायिक पत्रों की विशेषताओं का विस्तृत परिचय दीजिए ।

35. भीष्म के चरित्र की खूबियों एवं खामियों का विवेचन करते हुए उन्हें अवतार रूप न मानने के कारणों का विस्तृत परिचय दीजिए ।

**(2 × 15 = 30 Marks)**

∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*∫*